# झारखंड में बंगला की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देगी सरकार : सीएम चंपई सोरेन

## मुख्यमंत्री ने झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल को किया आश्वस्त

15 नवंबर 2000 से अर्थात झारखंड बनने के बाद से धीरे धीरे और 2005 के बाद पूर्ण रूप से बंगला भाषा की पाठ्य पुस्तकों का वितरण तथा बंगला भाषा में पठन पाठन बंद कर दिया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति के 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विकाश मुखर्जी के नेतृत्व में शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिलकर झारखंड राज्य के बहुसंख्यक बंगला भाषियों के अस्तित्व रक्षा करने के लिए एक मांग पत्र सौपे। झारखंड अलग राज्य बनने से पहले उन सभी जिलों के ग्रामीण इलाकों के सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में यहां तक कि उच्च विद्यालय में भी मातृभाषा बंगला से ही पढ़ाई होती थी। परंतु 15 नवंबर 2000 से अर्थात झारखंड बनने के बाद से धीरे धीरे और 2005 के बाद पूर्ण रूप से बंगला भाषा की पाठ्य पुस्तकों का वितरण तथा बंगला भाषा में पठन - पाठन बंद कर दिया गया और बदले में हिंदी माध्यम के पाठ्य पुस्तक वितरण कर हिंदी माध्यम से पठन पाठन की व्यवस्था शुरू कर दिया गया।


सीएम चंपई सोरेन से मिलते विकास मुखर्जी और उनके सहयोगी।

झारखंड के बंगला भाषी दृढ़ता के साथ आपके सरकार का समर्थन करती है तथा आनेवाले दिनों में और मजबूती की साथ आपके सरकार को समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, यदि आप की सरकार हमारे निम्न लिखित मांगो को पूरा कर राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने का काम करे।

**मांग पत्र में निम्न बातें हैं :** कक्ष एक से लेकर कक्षा 12 वी तक सभी विषयों में बंगला का पाठ्यक्रम जारी किया जाए। सभी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में एक विषय अपनी अपनी मातृभाषा में पढ़ाई का प्रति समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक विषयो में पर्याप्त मात्रा में पुस्तक छपवाया जाए और अविलंब वितरित किया जाए। सन 1990 के बाद जितनी भी बंगला माध्यम का विद्यालयों को हिंदी भाषा में परिवर्तित किया गया है उन्हे अविलंब पुनः बंगला भाषा में परिवर्तित किया जाए। जरूरत के मुताबिक बंगला शिक्षक शिक्षिकाओ की नियुक्ति किया जाए ताकि बंगला माध्यम में पड़े लिखे बच्चो को रोजगार मिल सके तथा गांव से लेकर शहर तक अपनी संस्कार और संस्कृति को बचाया जा सके।

सरकार की तत्त्याबधान में बंगला अकादेमी का स्थापना किया जाए। उपरोक्त सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया तथा वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को मद्दे नजर रखते हुए झारखंड के तमाम बंगला भाषियों की अपेक्षाओं से अवगत कराया गया। वार्ता के उपरांत मुख्यमंत्री महोदय ने कहा की झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति द्वारा विगत 24 वर्षो से अपनी मातृभाषा के रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ रही है मैं इसका पूर्ण समर्थक हूं, क्यू की मैं भी बंगला माध्यम विद्यालय से पढ़ाई किया हूं इसलिए मैं अपने कार्यकाल में समिति के सभी मांगों को पूर्ण रूप से लागू करूंगा और लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड के सभी बंगला भाषियों को इसका परिणाम देखने को मिलेगा।

शुक्रवार को इस प्रतिनिधि मंडल में विकास मुखर्जी, छायाकांत गोराई, नेपाल दास, संदीप सिंहा चौधरी, पूरबी घोष, शुभ्रा दास, गोबिंद मुखर्जी, मिहिर दास, अरूप दास, धनंजय दास, गौतम दास शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### टाटा स्टील एलडी-1 में दुर्घटना, ठेका मजदूर की मौत

जमशेदपुर। टाटा स्टील में नये वित्तीय वर्ष के शुरु हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं हुआ कि एक दुर्घटना में ठेका श्रमिक की मौत हो गई। कंपनी ने ठेका श्रमिक की मौत पर गहना दु:ख व्यक्त किया है। शुक्रवार सुबह 7:40 बजे एलडी#1 पर एक दुर्घटना हुई, जिसके परिणामस्वरूप 27 वर्षीय बब्लू गोप की दुखद मृत्यु हो गई। वह मैसर्स एब्रेस्ट इंजीनियरिंग का संविदा कर्मचारी था। घटना के वक्त बब्लू गोप लांस जैम कटिंग का काम कर रहा था। कंपनी की प्रवक्ता ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि टाटा स्टील इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है। घटना की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है, और इसका कारण निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है।

### विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन




जमशेदपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में अलविदा जुम्मा की शाम को इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार के बाद मगरीब की नमाज अता की गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव के साथ सभी शिक्षक और स्टाफ ने मिल कर बहुत सुन्दर आयोजन किया जिसमें शहर के प्रबुद्ध लोगों के अलावा स्थानीय प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। शामिल लोगों में आजाद नगर थाना पीस कमिटी के महासचिव मुख्तार आलम खान, शाकिर अजीमाबादी, प्रो अहमद बद्र, प्रो आले अली, प्रो जकी अख्तर, जमाएते उलमा हिन्द के सचिव हाफिज अनवर आलम, दुर्गा पूजा समिति के अपूर्वा पाल, सैयद आसिफ अख्तर, खुर्शीद अहमद खान, बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर मतिनुल हक अंसारी, ताहिर हुसैन, हाजी जमील असगर, रजी नौशाद, सैयद मंजर अमीन, शेख बदरुद्दीन आदि मौजूद रहे। डॉ जहांजेब खान के साथ एम जी एम के युवा डॉक्टर्स की टीम भी इस आयोजन में शरीक हुए। इफ्तार के बाद मगरीब की नमाज मुफ्ति तौसिफ रजा मिस्बाही द्वारा पढ़ाई गई।

### झामुमो संपर्क कार्यालय में पनशाला का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पुर्वी सिंहभूम की ओर से जिला सम्पर्क कार्यालय के समीप इंसानियत को ध्यान में रखते हुए प्यासा को पानी पिलाने का काम कर रहा है जिसके तहत पानशाला का उदघाटन कोल्हान परिवहन प्राधिकरण सदस्य सह पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल ने फिता काट कर किया। इस उदघाटन समारोह में वरिष्ठ नेता बीर सिंह सुरेन, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, अरूण प्रसाद,राज लकड़ा,प्रीतम हेम्ब्रम, अरूण सिंह राजा, गुरमीत सिंह गिल, रानू मण्डल, धीरेन मारडी,रेहान खान, पान्डु महतो उपस्थित थे।

### बंगाल क्लब में महिलाओ को आत्मनिर्भर करने के उदेश्य से प्रदर्शनी शुरू



जमशेदपुर। महिलाओं द्वारा संचालित कोलकाता के प्रसिद्ध संस्था एनिग्मा के तत्वावधान में मंगलवार 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक प्री बैसाखी प्रदर्शनी की शुरूआत साकची बंगाल क्लब में हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी पूर्वी घोष ने फीता काटकर किया। पूर्वी घोष ने संस्था द्वारा महिलाओं को दी जाने वाली प्लेटफार्म सराहना की। उन्होंने जमशेदपुर की महिलाओं को प्रदर्शनी में आने की आग्रह किया। संस्था की प्रमुख एलिट्रा सिन्हा मुखर्जी ने बताया कि जमशेदपुर में ११ वी बार प्रदर्शनी का आयोजन बंगाल क्लब के पहले तल्ले में किया रहा है।

# गर्मी में सभी मुहल्लों में पेयजल की व्यवस्था करे जेएनएसी व जुस्को : सरयू

## विधायक ने जेएनएसी को किया सावधान, कहा-कड़ी निगरानी जरुरी

### लक्ष्मीनगर और प्रेमनगर में सफाई में बरती जा रही लापरवाही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से कहा है कि बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए वे जमशेदपुर के सभी मुहल्लों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था पूरी करें और इसके लिए एक संयुक्त टीम गठित करें।

उन्होंने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से वैसे बस्ती क्षेत्रों की सूची बनाने के लिए कहा है जहां गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत हो जाती है और टैंकर से पानी पहुंचाना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा है कि भुइयांडीह, ग्वाला बस्ती, बाबुडीह, लाल भट्ठा आदि इलाकों में पेयजल उपलब्ध करने को जो सिस्टम तैयार हो रहा है तथा जोजोबेड़ा के इलाकों में तेज गति से जलापूर्ति का पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा उन इलाकों में भी पीने के पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। दोनों पेयजल परियोजनाओं से जिन क्षेत्रों में पीने का पानी जाना है उन क्षेत्रों के लिए अलग से टैंकरों की व्यवस्था की जाय। जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया है कि वे कम से कम आधा दर्जन अतिरिक्त पानी टैंकरों की व्यवस्था करेंगे और पानी की किल्लत वाली बस्तियों की सूची शीघ्र तैयार कर लेंगे। राय ने टाटा स्टील से अनुरोध किया है कि पेयजल परियोजनाओं की दोनों योजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करें ताकि लोगों को पेयजल की सहुलियत गर्मी में मिल सके। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस को चेतावनी दिया है कि बस्ती क्षेत्रों में सफाई की व्यवस्था पंगु हो गयी है और कोई भी सफाई ठेकेदार समुचित मजदूर लगाकर क्षेत्र में सफाई नहीं करवा रहा है। खासकर प्रेम नगर और लक्ष्मीनगर में जिन ठेकेदारों को जमशेदपुर अक्षेस ने कार्य दिया है वे लपारवाही बरत रहे हैं। जोजोबेड़ा इलाके में लोगों को स्वयं सफाई करनी पड़ रही है। उन्होंने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से कहा है कि वे सभी सफाई ठेकेदारों से उनके मजदूरों की सूची मांगें और और हमें उपलब्ध करायें ताकि क्षेत्र में उनकी निगरानी रखी जा सके। सफाई व्यवस्था में इस तरह की कोताही बर्दास्त से बाहर है। रोज किसी न किसी इलाके से सफाई नहीं होने की शिकायत मिल रही है। राय ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से कहा है कि वे एक दो दिनों के भीतर सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायें और सफाई ठेकेदारों का शिडयुल तैयार कर उन्हें उपलब्ध करायें।



## जमशेदपुर एफसी बनाम एफसी गोवा के मैच के लिए टिकटों की बिक्री शुरु



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** फुटबॉल के दीवाने जमशेदपुर एफसी और एफसी गोवा के बीच सीजन के आखिरी मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार, 9 अप्रैल को शाम 5 बजे होने वाले इस मैच के लिए प्रशंसक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फुटबॉल के शानदार प्रदर्शन को देखने के लिए तैयार हैं। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक, फैंस ऑनलाइन,कोविड वॉरियर पार्क के ठीक सामने स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्थित बॉक्स ऑफिस पर व्यक्तिगत रूप से अपनी सीट बुक कर सकते हैं। टिकट की कीमत 50 रुपये से शुरू होती है, जो प्रशंसकों को एक किफायती अवसर प्रदान करता है कि वे एक साथ आएं और हेड कोच खालिद जमील के नेतृत्व में जमशेदपुर एफसी टीम के जोरदार प्रदर्शन का आंनद लें।

## टाटा मोटर्स में पूजा-अर्चना के बाद उत्पादन शुरु


एसेम्बली लाइन में पूजा करते यूनियन अध्यक्ष गुरमीत और महासचिव आरके सिंह व प्रबंधन के अधिकारी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टाटा मोटर्स कम्पनी परिसर में नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वाणिज्यिक वाहनों के उत्पादन का कार्य आरंभ से पूर्व पूजा अर्चना किया गया।

पूजा की शुरूआत सीटीआर डिवीजन से की गई इसके बाद एक्सेल डिविजन एचबीटीएल ट्रिम और पेन्ट शॉप व्हीकल फैक्ट्री कॉमन सर्विसेज आदी स्थान के बाद अंत में फाइनल डिवीजन में पूजा अर्चना के साथ नए वित्तीय वर्ष कि कार्य आरंभ हुआ। इस पूरे कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से एचआर हेड मोहन गंट, ई आर हेड शौमिक राय किरण नरेंद्र मनीष वर्मा संजय सिन्हा के साथ-साथ प्रबंधन के सभी वरीय अधिकारी यूनियन से माननीय अध्यक्ष गुरमीत सिंह महामंत्री आरके सिंह एवं सभी पदाधिकारी गण पूरे कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

# झारखंड, बिहार और यूपी में प्रत्याशी खड़ा करेगी सर्वजन सनातन पार्टी : पंडित रंगनाथ तिवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सर्वजन सनातन पार्टी बिहार यूपी और झारखंड में लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े करेगी। इस पार्टी का मानना है कि भारतीय जनता पार्टी सनातन धर्म की रक्षा ईमानदारी से नहीं कर सकती इसलिए सर्वजन सनातन पार्टी को विकल्प के रूप में जनता के सामने लाया जा रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय संगठन प्रभारी पंडित रंगनाथ तिवारी ने खबर मंत्र से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में सर्वजन सनातन पार्टी डाल्टनगंज और गोड्डा में प्रत्याशी देगी


खबर मन्त्र से बात करते रंगनाथ तिवारी।

जबकि बिहार में बक्सर, कासकाट और बाल्मीकि नगर के साथ सासाराम सीट पर प्रत्याशी दिया जाएगा। इसी तरह यूपी में 15 सीटों पर प्रत्याशी खड़ा करने की योजना है। सर्वजन सनातन पार्टी के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी पंडित रघुनाथ तिवारी का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं से हिंदू नहीं है अगर वह हिंदू होते तो अपनी मां की 13वीं में दाढ़ी-मुछ अवश्य बनवाते जो उन्होंने नहीं किया। पार्टी धर्म से राजनीति को संचालित करना चाहती है और इसके लिए सनातन धर्म के चार शंकराचार्य को मार्गदर्शक रखा गया है। तिवारी ने बताया कि सर्वजन सनातन पार्टी भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाना चाहती है। इसके लिए वह देश में गो वंश की रक्षा करेगी, देश को मीट निर्यातक की बजाय दुग्ध उत्पादक एवं ऑर्गेनिक सब्जी फल एवं अन्य का निर्यातक बनाया जाएगा।

## डिमना रोड में गोली चालन में गिरफ्तार 6 अपराधी जेल गये



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस द्वारा 24 घंटे के अन्दर संजय पथ डिमना रोड में घटित गोली कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त 06 अपराधकर्मियों को घटना में प्रयुक्त 03 पिस्टल, 07 जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह जानकारी सिटी एसपी मुकेश लुणावत ने दी है।

# भाजपा की 20-20 महिलाओं की टोली घर-घर जाकर पहुंचायेंगी मोदी का संदेश

जमशेदपुर महानगर महिला मोर्चा ने बैठक कर बनाई चुनावी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जिन चार बड़ी जातियों का जिक्र बार-बार करते हैं, उनमें से एक नारी शक्ति है। जमशेदपुर महानगर में महिला मतदाताओं को साधने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को बताने के लिए भाजपा ने विशेष रणनीति तैयार की है। इसको लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर महिला मोर्चा के द्वारा चारों विधानसभा में महिला संपर्क अभियान के तहत बैठक सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत्व में जमशेदपुर पुर्वी, पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा में आयोजित बैठक में अभियान की प्रदेश सह संयोजक लक्ष्मी कुमारी, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, अभियान की जिला संयोजक कल्याणी शरण, सह संयोजक राजपति देवी, जिला मंत्री नीलू मछुआ समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ महिला नेताओं के संग विभिन्न मंडलों के महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडलों की गठित 20-20 महिलाओं की टोली ने भाग लिया। बैठक में मंडलों की महिला टोलियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्रमुख योजनाओं से अवगत कराया गया। वहीं, चुनाव में महिलाओं के समर्थन और आशीर्वाद को भाजपा के पक्ष में करने पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार भाजपा के 370 सीट के साथ एनडीए के 400 पार का नारा दिया है। पार्टी के इस संकल्प को पूर्ण करने में आधी आबादी की खास भूमिका होगी। ऐसे में आसन्न लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा की जिम्मेदारी बड़ी है। जिसे पूर्ण करने के लिए आगामी दिनों में मंडलों से 20-20 महिलाओं की टोली अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं से संपर्क करेंगे और उन्हें मोदी सरकार में नारी शक्ति के उत्थान हेतु किए गए कार्यों और प्रयासों की जानकारी देंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से महिलाओं की चिंता कर उनको अनेकों सौगात दी है। उसका लाभ और मोदी जी का संदेश महिला कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएंगे और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। तीन दिवसीय प्रवास के तहत जमशेदपुर पहुंची महिला संपर्क अभियान की प्रदेश सह संयोजक लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि महिला मोर्चा का पूरा जोर इस बार हर बूथ पर 370 अतिरक्त वोट भाजपा के पक्ष में करने पर है और इसके क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर रूपरेखा बनाई गई है। मतदान के दिन महिला मतदाताओं को बूथों तक आने में कोई परेशानी ना हो और अधिक से अधिक माताएं-बहनें मतदान केंद्र तक आये, इसके लिए भी रणनीति बनाई गई है। भाजपा सरकार ने हमेशा बहनों के लिए काम किया है।


चुनावी रणनीति बैठक को संबोधित करती लक्ष्मी कुमारी।

## एक नजर में

### श्यात दिवाने परिवार ने मनाया श्याम महोत्सव



जमशेदपुर। श्री श्याम दिवाने परिवार की ओर से बारीडीह पोस्ट ऑफिस मैदान में श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में 1000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर एक भव्य श्याम शोभा यात्रा भी निकाली गयी जिसमें राधे-श्यात की झांकी आकर्षण का केंद्र थीं। श्याम महोत्सव में राजस्थान के कलाकार श्याम रतन पप्पू शर्मा,बरेली के निर्मल शर्मा, ने रात्रि 8 बजे से अपने भजनों को मुग्ध कर दिया। भजन संध्या में जमशेदपुर के कलाकार राकेश मस्ताना और गणेश मित्तल और रवि जी ने भी प्रस्तुति दी। कानपुर के सन्नी शुक्ला ओमी ग्रुप जिन्होंने श्रीकृष्ण लीला की मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पपन सहरिया, विजय गुप्ता,दिलीप नरेड़ी, पप्पू सहरिया, चंद्रभान शर्मा, पी शर्मा, गणेश मित्तल, विपीन, विजय और अभिषेक अग्रवाल की सराहनीय भूमिका रही। यह जानकारी मगनलाल शर्मा ने दी है।

### श्रमिक एकता बजरंग अखाड़ा की जमीन पर महतो बंधुओं के दावा का विरोध



जमशेदपुर। श्रमिक एकता बजरंग अखाड़ा विगत 24 वर्षो से श्री रामनवमी अखाड़ा निकल रहा है। होटल सिटी इन होटल के सामने स्थित इस अखाड़े को अवैध रूप से कमल महतो एवं गौरांग महतो के द्वारा अतिक्रमण करके खत्म किया जा रहा है और वहां होटल का निर्माण किया गया है। जहां दिनभर शराबियों और नशेड़ियों का जमावड़ा लग रहता है। स्थिति है कि इस बार महतो बंधुओ ने वहां रामनवमी अखाड़ा आयोजित करने पर भी आपत्ति दर्ज कर दी है। अखाड़ा कमेटी के लाइसेंसी संजय कुमार मुखर्जी ने इस मामले की जानकारी मानगो की अन्य रामनवमी अखाड़ा कमेटियों को दी है। इस बात की पुष्टि भारतीय जनता पार्टी के जिला सचिव विजय कुमार तिवारी ने की है। तिवारी ने कहा कि यह बहुत ही गंभीर मामला है और केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक में इस मामले को जिला प्रशासन के सामने प्राथमिकता से उठाया जाएगा। विजय कुमार तिवारी ने कहा कि उक्त प्लाट मांगो थाना अंतर्गत वार्ड संख्या 9 में वन भूमि एवं पीडब्लूडी जमीन के बीच में पड़ता है। प्लॉट पर ही ग्रामीण पूजा करते आ रहे हैं किंतु महतो बांधों की आपत्ति के बाद से पूजा में खलल पड़ रहा है। वास्तव में महत्व बंधुओ ने अवैध रूप से जमीन का अतिक्रमण कर रखा है और जमीन पर दुकान एवं होटल को बना डाला है जिसे अभिलंब हटाया जाना चाहिए।

### संताली सिने एसोसिएशन का गठन, मानसिंह मांझी अध्यक्ष मनोनीत



जमशेदपुर। गत गुरुवार की शाम संताली सिने एसोसिएशन के सदस्यों ने जुबिली पार्क में मानसिंह माझी के अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा, संस्था के पंजीकरण, गठन और इसके विभिन्न बिंदु पर बातचीत हुयी और तय किया गया की सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत संस्था का पंजीकरण किया जायेगा। संगठन के विस्तार के लिए सदस्यों ने विभिन्न पदभार के लिए प्रस्ताव दिया, इसके उपरांत समर्थन और सभी सदस्यों के सर्व सम्मति से विभिन्न सदस्यों को पदभार दिया गया। पद एवं पदाधिकारी के विवरण इस प्रकार हैं : अध्यक्ष-मानसिंह माझी, उपाध्यक्ष-दशरथ हांसदा एवं सागेन हांसदा, महासचिव-बापी मुर्मू, सचिव-राजूराज बिरुली एवं गंगा रानी थापा, कोषाध्यक्ष-आशीष एस मार्डी, सहायक कोषाध्यक्ष-राखाल सोरेन। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में जितराई हांसदा, शकुंतला हांसदा, सोनी मुर्मू, सुरेंद्र टुडू, संजय टुडू, सेराल मुर्मू, रवि राज मुर्मू, लखन सोरेन, कोल प्रवीण जामुदा, शंकर हेम्ब्रम और राम चंद्र मार्डी को मनोनीत किया गया। बैठक में 40 सदस्य उपस्थित रहे एवं धन्यवाद ज्ञापन गंगा रानी थापा ने किया।

### साकची बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण का अवलोकन करने सिटी एसपी ने की पैदल गश्त



जमशेदपुर। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में उप नगर आयुक्त जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, पुलिस उपाधीक्षक नगर, के साथ साकची थानांतर्गत सड़क पर अतिक्रमण, अवैध रूप से पार्किंग, ट्रैफिक जाम के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया तथा पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पैदल गश्ती की गई।

### बोड़ाम के विभिन्न गांवों में शहीद रघुनाथ महहतो का 246 वां शहादत दिवस मना



जमशेदपुर। आज बोड़ाम प्रखण्ड के पाखरिया, माधवपुर, मूकरुडीह, बरियादा एंव चिड़का गांव में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्रामी जन आंदोलन चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो के 246 वीं शहादत दिवस मनाया गया। झाड़खंड के नायकों की अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ बगावत की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 ई का रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुहाड़ विद्रोह जिन्होंने सर्वप्रथम नारा दिया था-अपना गांव अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज। चुहाड़ आंदोलन ने अंग्रजों को नाको चने चबवा दिये थे। इस अवसर पर झाड़खण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव विश्वनाथ महतो ने रघुनाथ महतो का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 को तत्कालीन बंगाल के छोटानागपुर के जंगलमहल (मानभूम) जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के एक छोटे से गाव घुंटियाडीह में हुआ था। बता दें कि 1769 में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में आदिवासियों ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जंगल, जमीन के बचाव एवं नाना प्रकार के शोषण से मुक्ति के लिए विद्रोह किया, जिसे चुहाड़ विद्रोह कहा गया। यह विद्रोह 1769 से 1805 तक चला। शहादत दिवस समारोह में किशोरी मोहन महतो, हेमंत महतो, गौतम महतो, बृंदावन महतो, लखन महतो, गणेश कुम्भकार, कृष्णा रजक, हिमांशु महतो, मृत्युंजय महतो, बहादुर सहिस, गोपेन महतो, अरुण महतो, तारापद, संतोष महतो, मृत्युंजय दास, शांतिराम महतो, निरंजन महतो, प्रदीप महतो, उत्तम महतो, मनिंद्र महतो, विश्वनाथ, स्वपन, जगरनाथ, रमेश, विशाल, सुखदेव, सार्थक, गणेश आदि शामिल थे।

### चाकुलिया : नमोपाड़ा शीतला पूजा कमेटी को डा. संजय गिरि ने दिया सीलिंग



चाकुलिया। चाकुलिया प्रखंड के नमोपाड़ा गांव में हो रही चार दिवसीय शीतला पूजा कार्यक्रम में संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरी शामिल होकर पूजार्चना किया तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर उनको कमेटी के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कमेटी की सदस्यों का आग्रह पर अत्यंत गर्मी को देखते हुए एक सीलिंग फैन प्रदान किया। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। कई लोगों को उन्होंने अपनी चिकित्साहिय सलाह भी दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। मौके पर कमेटी के ढेर सारे सदस्यों उपस्थित थे।

# जीत-हार दिल्ली में नही बल्कि बूथों पर तय होता है : बाबूलाल मरांडी

## भाजपा का विश्रामपुर विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

### राष्ट्रवादियों और भ्रष्टाचारियों के बीच है यह चुनाव : बीडी राम





खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीयू के स्टेडियम में शुक्रवार को भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र से सात प्रखंड और दो निकायों के सभी बूथ कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। सम्मेलन में लोस चुनाव पर चर्चा हुई। इस क्रम में पलामू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी सह सांसद बी डी राम को भारी अंतर से तीसरी बार जिताने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह आम चुनाव असाधारण है। प्रधानमंत्री मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारी परिवारवादी पार्टियां एकजुट हुई हैं। विदेशी ताकतें भी उनका साथ दे रही हैं लेकिन देश की जनता तो मोदी जी के साथ है। इसलिए इस बार भाजपा चार सौ पार करेगी। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में 63 प्रतिशत मत बी डी राम को मिला था.इस बार मत प्रतिशत को दस प्रतिशत बढ़ाते हुए 73 प्रतिशत तक ले जाना है.इसके लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। मरांडी ने कहा कि जीत हार दिल्ली में तय नहीं होता है। जीत हार तो बूथों पर तय होता है। इसलिए बूथ कार्यकर्ता मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक जाने के लिए प्रेरित करें। हर वर्ग के मतदाताओं को मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएं। मोदी की गारंटी के बारे में बताएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का कई और भी टिप्स दिया। पलामू सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बी डी राम ने कहा कि यह आम चुनाव पिछले चुनावों से बहुत ही अलग है। यह चुनाव राष्ट्रवादियों और भ्रष्टाचारियों के बीच है। यह चुनाव परिवारवाद को नकारने का है। यह चुनाव देश को आर्थिक- सामरिक ताकत और विकास के शिखर पर ले जाने का है। उन्होंने कहा कि अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक परिवार को मिला है.उन लाभार्थियों के परिवार से मिलें और भाजपा के नीति सिद्धांतों से अवगत कराएं.पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सांसद बी डी राम का दस वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम रहा है। इन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींची है। इस विकास की गति को और तीव्र करने के लिए बी डी राम राम को तीसरी बार भी भारी मतों से जिताना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्ति नहीं एक शक्ति का नाम है। जिनका पूरा देश ही परिवार है इसलिए अबकी बार चार सौ पार के उनके नारे को साकार करना है। सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व सांसद घुरन राम,आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। मौके पर ओम प्रकाश तिवारी, विभाकर पांडेय, नरेंद्र पांडेय, शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, भोला चंद्रवंशी, अनुज पांडेय, सुनील पासवान, बबन राम, राजन पांडेय, अमरेश तिवारी,उपेन्द्र तिवारी, विकाश चौबे मंटू, ज्वाला गुप्ता, गोपाल सोनी, संतोष चौबे, सतीश्वर प्रसाद सिंह, शम्भू शरण सिंह, किरण देवी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब मेदिनीनगर का योग शिविर का पुनः आगाज : डॉ श्वेता शेखर



मेदिनीनगर। विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल जेल जाता चौक के पास लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्यों ने बैठक कर व्यस्तता समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ अब आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से अपनी सहभागिता वोट की प्रतिशत को बढ़ाने का प्रयास के उद्देश्य से एक योग शिविर का आयोजन किया। लाइनस डॉ श्वेता शेखर ने बताया कि पतंजलि की योग प्रशिक्षिका ममता दीदी के द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चे सभी इसका लाभ ले सकेंगे। यह योग शिविर स्थानीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव विशाल एवं डॉक्टर श्वेता के विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल परिसर में निशुल्क किया जाता है। योग शिविर 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक प्रातः 6:00 से 7:15 बजे तक किया जाएगा। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में सचिव आमुक प्रियदर्शी, सुमित पाठक, निलेश चंद्र, राघवेंद्र सिंह, डॉ गौरव विशाल, नवीन पांडे एवं रणजीत मिश्रा उपस्थित थे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से नाबालिक लडकी का दोनो पैर कटा, स्थिति गंभीर



विश्रामपुर (पलामू)। मालगाड़ी की चपेट मे आने से एक नाबालिक लडकी का दोनो पैर कट गया। घटना शुक्रवार शाम पांच बजे की बताई जा रही है। घायल नाबालिका की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार करकट्टा गांव निवासी मनोज पाल की बेटी दीपिका कुमारी (8) अपनी मां के साथ सिगसिगी में चल रहे महायज्ञ देखने आई हुई थी। घर वापस जाने हेतु वह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान दीपिका एक मालगाड़ी की चपेट में आ गई। जिससे उसका दोनों पैर कट गया। घायलावस्था में उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर छतरपुर एसडीओ ने की बैठक

पाटन पलामू। लोकसभा चुनाव को लेकर पाटन प्रखंड सभागार में छतरपुर एसडीओ ने बैठक किया। बैठक में पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, बीपीआरओ अहमद अंसारी, पंचायत सचिव विनय शर्मा सहित बीएलओ, सुपरवाइजर उपस्थित थे। बैठक में 95 वर्ष से उपर वाले व्यक्ति एवं विकलांग व्यक्तियों को सुविधा करने का निर्देश दिया। बैठक में चुनाव सम्बंधित विषय पर चर्चा किया गया। चुनाव में किसी प्रकार कोई गलती न हो इस पर सजगता से कार्य करने को कहा गया।

### ईदगाह कमिटि हुसैनाबाद ने की बैठक ईद की नमाज के लिए समय निर्धारित



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद में ईदुल फितर की नमाज के समय निर्धारण के लिए बैठक ईदगाह कमिटी के द्वारा आयोजित की गई। बैठक का आयोजन हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड दस के निवासी गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान के अली मंजिल पर की गई । बैठक की अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी साहब ने की संचालन सुहेल आलम ने इस बैठक में सर्वसम्मति से एक निर्णय लिया गया की ईदुल फितर की नमाज इर्द का चांद देखने की पुष्टि के बाद हुसैनाबाद ईदगाह में बगैर किसी इंतजार के दिन के 7:45 बजे अदा की जाएगी आप सभी नमाज अदा करने वालों से गुजारिश है की निर्धारित समय पर पहुंच कर नमाज अदाकार स्वाब दारैन हासिल करें। बैठक के बाद गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान साहब की ओर से एक अफतार पार्टी में भी लोग शामिल हुए बैठक में कमिटी के सदस्यों के इलावा एजाज हुसैन, फैज कादरी गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान, डॉक्टर नादिर रिजवी, मसरूर अहमद, जुबैरआलम, सैयद फिरोज, तकी रिजवी अब्बास कादरी, सद्दाम कादरी, मसरूर अहमद, समीम अहमद, फैज कादरी कादरी, शहादत हुसैन रेयाजुद्दीन खान उर्फ पुन्नू खान, परवेज अंसारी, जहीर अंसारी, मो शमशेर उर्फ शेट्टी, सैफ गजल, क्याममुद्दीन अंसारी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी वा दीगर कई लोग शामिल थे।

### नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में जल जीवन मिशन योजना में घोर अनियमितता



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** सांगबार पंचायत में जल नल योजना में घोर लापरवाही एवं कार्य में लापरवाही का आरोप सांगबार पंचायत के मुखिया गीता देवी ने ठेकेदार पर लगाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके जल नल मिशन के द्वारा जल नल योजना संचालित कर रही है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर तक पानी पहुंचाया जा सके। लेकिन इस योजना के ठेकेदार अपने मनमानी कर कार्य में घटीया समाग्री से काम कर रहा हैं। जिस जगह भी नल जल योजना का काम चल रहा है। उस जगह विभाग के ना एसडीओ और ना ही इंजीनियर उसकी जांच पड़ताल करने के लिए जाते हैं। बदले में जब हो रहे कार्यों की गुणवत्ता के बात विभागीय जेई से किया जाता है तब जेई के द्वारा बोला जाता है कि आपको जहां जाना है वहां पर जाइए मुझे किसी से डर भय नहीं है। पदाधिकारियों के कार्यस्थल पर नहीं जाने से ठेकेदार के द्वारा द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर जैसे तैसे काम को लिपापोती की जा रही है। नतीजा यह है कि इस पंचायत के अधिकतर लोग नदी के चूआड़ी के पानी पीने पर विवश हो गए हैं। ठेकेदार मनमानी से काम कर रहे हैं। जिसकी वजह से घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार को कोई बड़े पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त हैं। जिसके वजह से ठेकेदार किसी भी जनप्रतिनिधि या ग्रामीणों की सुनते है। पाइपलाइन गलत ढंग से बिछाने के कारण यह योजना कमजोर साबित हो रही है। 'जल जीवन मिशन योजना में भ्रष्टाचार के कारण ग्रामीण लोगो को कहीं बाल्टी भर पानी मिल नहीं मिल पा रहा है। तो कहीं तो नल कलेक्शन घरों के सामने बनकर पानी की बाट जोह रही हैं जहां पानी का बूंदभर नहीं पहुंच पाया। निर्माण कार्य में जमकर गड़बड़ी की जा रही है। जिसका नतीजा यह है कि पानी भले ही बूंदभर न मिल हो लेकिन घरों के सामने बनाए गए नल कनेक्शन से पहले ही कही जलमीनार की पिलर टूट–फूट कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके बावजूद ठेकेदारों को विभाग द्वारा भुगतान किया जा रहा है। बन रहे जल मीनार स्थल पर ग्रामीणों का जोरदार कार्य का विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मीरा देवी उपमुखिया पंचायत सांगबार, वार्ड सदस्य बेबी शुक्ला, सुषमा देवी, पूनम देवी, लाखो देवी, राजो देवी, मोहरमानी देवी, सरिता देवी, राजपति देवी, संगीता देवी, अरुण मेहता, बबल कुमार, ईश्वरी राम, रणधीर कुमार मेहता, उपेंद्र भुईया, मुकेश बैठा, नितेश मेहता, सुरेश भुईया सहित कई ग्रामीण कार्य स्थल पर उपस्थित थे।

### आगलगी से गेहूं फसल हुआ खाक



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड के ग्राम बसडीहा में बिजली तार में शर्ट सर्किट से गेहूं के लगा 5 एकड़ में फसल जल कर राख हो गया। वही सूचना मिलने पर पांडू परखंड के अंचलाधिकारी स्थल पर पहुंचे जी दमकल को मंगाया गया। मगर दमकल आने से पहले ही ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया नही तो अन्य दर्जनों किसान का फसल जल कर राख हो जाता। प्रभावित किसान में बाबूलाल शुक्ला, राधा पांडेय, प्रेम महतो, राजेंद्र पांडेय ,श्यामनराय पासवान आदि का नाम शामिल हैं।

# बढ़ती गर्मी से सावधानी और बचाव जरूरी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता




**गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए क्या बरतें सावधानी**

1. लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें।
2. गर्मी में धूप में निकलने से बचें लेकिन अगर दिन में निकलना जरूरी है तो सन बर्न से बचने हेतु छतरी, टोपी और ठंडा पानी साथ लेकर चले।
3. लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें। जैसे नींबू पानी, गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी आदि। इस गर्मा में मौसमी फलों का जैसे तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें।
4. आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें।

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए व इसके बचाव के लिए जिलेवासियों को एहतियात बरतने व बचाव की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में तापमान बढना शुरू हो गया है जिससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है। गर्मी में इन परेशानियों के साथ लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव को लेकर हम सबों को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकले समय हल्के रंगो के ढीले सूती कपड़े पहनने, चश्मा व छाता रखने व गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक,गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचाने यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहें है तो तत्काल चिकित्सक से

# समाज के परमार्थ के लिए ही धरा पर अवतरित होते हैं संत सरोवर और तरुवर : पर्यावरणविद कौशल किशोर

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों को पौधा देते पर्यावरणविद व मुखिया पूनम व धीरज।

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर में श्री राम चौक रोटरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ में पहुंचकर परमपूज्य श्रीं श्रीं आचार्य राम तपस्या यादव जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, उनकी धर्मपत्नी सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने यज्ञशाला का पंचकर्मा कर पूजा अर्चना की। कौशल, मुखिया पूनम और यज्ञ के आयोजक धीरज गुप्ता ने यज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं को थाईलैंड का बारहमासी आम, हिमाचल का कपूर, कर्नाटक का चंदन, केला, समी, बरगद, पीपल और आंवला का पौधा वितरित किया। श्रद्धालुओं को पौधा देते हुए कहा कि यज्ञ का प्रासाद खाने से उनके परिजनों का तन-मन शुद्ध हो जाता है। यज्ञ के हवन से ब्रह्मांड और पर्यावरण धर्म के तहत पौधा रूपी प्रसाद को लगाने एवं दान करने से आने वाली पीढ़ी तक स्वस्थ व सुरक्षित हो जाता है। पर्यावरणविद ने कहा कि लोगों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष पौधा लगाना और यज्ञ करना अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए। कौशल ने कहा कि जिस तरह देश के बड़े संत-महात्मा जनकल्याण व धर्म प्रचार के लिए यज्ञ कराते हैं उसी तरह वे प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद जगहों पर बड़ा आयोजन कर पौधरोपण करते हैं। तभी लोगों को प्रदूषण नामक शत्रु से मुक्ति मिलेगी । कौशल ने कहा कि समाज के परमार्थ के लिए ही धरा पर अवतरित होते हैं संत सरोवर और तरुवर। मौके पर हरिद्वार शांतिकुंज से आए डॉ डी पटेल, अर्पित पांडेय, पवन कुमार और इस यज्ञ के आयोजक धीरज कुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, गणेश प्रसाद, नारायण कुमार, मनोज कुमार, अर्जुन यादव, घनश्याम गुप्ता, दीपक कुमार, सरजू प्रसाद, अरविंद गुप्ता, मीना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मतदान केंद्र पर निर्धारित प्रक्रियाओं का प्रेक्षण करेंगे सूक्ष्म प्रेक्षक : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार जिला स्कूल मेदिनीनगर में तीन सौ तीन सूक्ष्म प्रेक्षकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान केन्द्र पर चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन का प्रेक्षण करते हैं। इसलिए प्रेक्षकों को सभी प्रक्रियाओं से अवगत होना आवश्यक है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर देवेन्द्र मिंज, दिलीप पाठक, रामप्रवेश शर्मा, श्यामलाल उरांव, नसीम अहमद, रवीन्द्रनाथ सिंह, देवेश पाण्डेय, नन्द किशोर, आलोक कुमार, आलोक तिवारी, संजय सिंह, राजेश मिश्र, कमलेश दूबे, अमरेन्द्र नारायण, सुमंत तिवारी, सुनील उपाध्याय, संजय सिंह, नीरज पाण्डेय, सतीश सिन्हा, विनोद दीक्षित, विजेन्द्र गुप्ता, गोविंद प्रसाद, वीरेन्द्र सिंह व संजय पाण्डेय के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# विश्रामपुर नगर परिषद में लगातार निर्गत हो रहा जन्म प्रमाण व मृत्यु प्रमाण पत्र

>> सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन पर तीव्र गति से हुई कार्रवाई



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद अपने कार्य क्षेत्र व जिम्मेवारी के प्रति सदैव गंभीर रहा है। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र लक्ष्य के अनुरुप कार्यालय को आवेदन प्राप्त होते हीं जांचों परांत निर्गत किया जा रहा है। नगर परिषद से जुड़े किसी भी तरह के कार्यों के लिए लोगों को भटकने की जरूरत नहीं है। लोग आकर अपनी के समस्याओं को चिंहित कर कार्यालय में आवेदन दे। उसे नगर परिषद एक टीम गठित कर जांच कराते हुए दूर करने का हर संभव प्रयास करेगा। उक्त बातें विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा। वे शुक्रवार को कार्यालय परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया था। जिसके तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाए गए थे। जहां लोगों से उनकी जरूरत व क्षेत्र से लोगों की समस्यायों से जुड़े आवेदन लिए जा रहे थे। अब वही जन्म प्रमाण पत्र तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी आवेदन की जांच कराते हुए टीम बनाकर कार्य सम्पादित किया गया। वर्तमान समय कोई भी आवेदन कार्यालय में पेंडिंग नहीं है। आगे भी जरूरत समझ सभी कार्य तीव्र गति संपादित किए जाएंगे। बताया कि नगर परिषद से जुड़े सभी तरह के कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को भटकने की जरूरत नहीं केवल आवेदन कार्यालय में जमा करें।

### मन से कलह को निकालना ही कलश यात्रा की सार्थकता होगी : अविनाश देव



चैनपुर (पलामू)। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय 24 कुंडिए राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश देव ने शामिल हुए। हरिद्वार से आए मुख्य प्रवक्ता अंगवस्त्र फूलमाला देकर स्वागत किए। मां गायत्री के तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर दीप यज्ञ की शुरूआत किए। हजारों सुधि श्रोता गायत्री परिवार से जुड़े भाई बहनों को संबोधित करते हुए देव ने कहा कि यज्ञ की शुरूआत माथे पर कलश रख कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा की सार्थकता तब होगी जब मन से कलह निकलेगा। आपसी समन्वय से प्रेम के गीत गाते दया और करुणा का भाव जगाना है एवं भारत को विश्व गुरु बनाना है। तमाम तरह के ब्यासन को खत्म कर नशा मुक्त समाज गढ़ना है। गायत्री परिवार का निरंतर प्रयास है शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार में भारत आत्मनिर्भर बने। हम भरोसा देते हैं हर संभव गायत्री परिवार के साथ खड़े हैं। मौके पर आचार्य रामतपस्या, डॉ डी पटेल, पवन कुमार, अर्पित पांडे, शनि कुमार के अलावा धीरज, मनोज साव, रूपेश, मनोज, नारायण, अर्जुन यादव, प्रवीण, दीनानाथ, नवल, अरविंद, सरयू, गणेश, देवेन्द्र, रामजी, जयप्रकाश सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

### मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी ने महावीर नवयुवक दल जनरल अध्यक्ष को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** शहर के छोटी मस्जिद के पास मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल शहरयार अलीऔर उनकी टीम ने श्री महावीर नवयुवक दल के जनरल अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल को पगड़ी माला पहनाकर सम्मानित किया। दोनों ने एक दूसरे को आश्वासन दिया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी मिल जुल कर शांतिपूर्ण तरीके मनाया जाएगा। शहरयार अली ने पंकज जायसवाल को अध्यक्ष बनने पर ढेर शुभकामनाएं दी।

### पीएलभी रविंद्र ने कस्तुरबा विद्यालय में किया सभा आयोजित, छात्राओं को किया गया जागरूक



**पाटन पलामू।** नालसा नयी दिल्ली एवं झालसा रांची के तत्वाधान में पीएलभी रवीन्द्र कुमार सिंह के द्वारा बाल विवाह बाल श्रम बच्चों बच्चियों का शोषण जादू टोना और चेतना पर डोर टु डोर ग्राम निमियां नगेशर भ्रमण करते हुए कस्तुरबा आवासीय गांधी आवासीय विद्यालय में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय कि वार्डेन सुषमा कुमारी ने की। सभा में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कि छात्र छात्राएं एवं शीक्षक शीक्षिकायें उपस्थित थे। कार्यक्रम में बाल विवाह बाल शोषण एवं समाज में चल रहे बुराइयों के बारे बताया गया। साथ ही जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिका अंजलि कुमारी, अराधना सिंह, चंदा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सरिता कुमारी, रिना श्रीवास्तव, रुपा कुमारी, श्वेता कुमारी, ज्योति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रिना कुमारी सहित काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल थी।

# हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र शहर वा ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस दौरान अकीदतमंदों की काफी संख्या मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंची। नमाजियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों के परिसर में टेंट समियाना की व्यवस्था मस्जिद कमेटियों ने की थी। हुसैनाबाद के जामा मस्जिद इस्लामगंज मस्जिद राजटोली मस्जिद, देवरी मस्जिद, ककोरिया, लोटानिया, हैदरनगर के भाई बिगहा, बाजार, कबरा खुर्द, करीमंडीह, कुडुआ, सिंघाना, दूबा, तारा, रामबंध मस्जिद समेत इलाके की सभी मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा की गई। जमा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अहमद अली खान ने कहा कि ईद की जमा मस्जिद भाई बिगहा में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे होगी। जबकि हुसैनाबाद ईद गाह कमेटी ने हुसैनाबाद ईद गाह में सुबह 7:45 बजे नमाज पढ़ने का निर्णय लिया है। मुलाना अहमद अली खान रजवी ने अपनी तकरीर में कहा कि मगफरत व इबादत का पाक महीना हमसे जुदा हो रहा है। यह अफसोस की भी बात है। इस महीने में एक नेकी का 70 गुणा सावाब मिलता है। उन्होंने कहा कि हर मर्द औरत व बच्चे का फितरा एक का कम से कम 65 रुपए होता है। रमजान उल मुबारक के महीने में फितरा और जकात निकलने से गरीबों मिस्किनो का रमजान और ईद अच्छे से मन जायेगी।

### अखंड कीर्तन का आयोजन



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज भीमनगर स्थित महादेव–विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में शुक्रवार की सुबह 9.15 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। समापन शनिवार की सुबह 9.15 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के नामचीन व्यास में रामनाथ रजवार, भोला मेहता, लक्ष्मण शर्मा, सुदर्शन शर्मा के अलावा बलराम, नन्दकिशोर, डॉ पचू रजवार, कुलदीप रजवार, घुरा राम, सरयु रजवार, अर्जुन यादव, सुन्दरदेव पाल, अजीत सिंह, बबन देव भारती, कामेश्वर सिंह, चंदन मेहता, कन्हाई राम, बिपिन कुमार, अशरेश सिंह और हीरा लाल शर्मा सहित अन्य कई लोगों ने समवेत स्वर में हरे रामा, हरे कृष्णा नाम का जाप किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय के अलावा भजनियां, गोलापत्थर, लटपौरी, भाली समेत अन्य गांवों के कीर्तन मंडली के सदस्यों ने हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में अरविंद शर्मा, लल्लू विश्वकर्मा, कंचन विश्वकर्मा, गौरीशंकर सिंह और द्वारिका प्रसाद आदि लोग सक्रिय रहे।

# हुसैनाबाद में किसान उत्पादक संगठन केंद्र खुला






## संस्था के माध्यम से किसान स्वालंबी बनेंगे: कृष्णा बैठा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला छतरपुर मुख्य रोड रामविगहा के समीप शुक्रवार एफपीओ कार्यालय खोला गया। मौके पर किसान मित्र सह व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा और संस्था के जिला कोर्डिनेटर मृत्युंजय कुमार मेहता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। मौके पर बैठा ने उपस्थित किसानों को इस संस्था से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह संस्था किसानों को उत्पादक व मार्केटिंग का विशेष प्रशिक्षण देगा जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं जिला कोर्डिनेटर मृत्युंजय मेहता ने कहा कि यह संस्था भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। साथ ही प्रत्येक प्रखण्ड में इसका कार्यालय खोलना है। पूरे भारत मे 10 हजार एफपीओ संचालित करने का लक्ष्य रखा गया जिसका मुख्य उदेश्य किसानों को प्रशिक्षित कर उनके उत्पादक क्षमता को बढ़ाना तथा उत्पादित सामग्री को उचित मूल्य दिलाना है। मौके पर हुसैनाबाद एफपीओ के डायरेक्टर अक्षय मेहता ने कहा कि जितना किसान इस संस्था से जुड़ेंगे उन्हें लाभ मिलेगा। मौके पर एफपीओ हरिहरगंज के अध्यक्ष रामराज सिंह, रमेश प्रजापति, राजेश कर्ण, अरुण मेहता, विकास चन्द्रवंशी, रंजन बैठा, रामजी मेहता, संजय मेहता, शिवशंकर प्रजापती, दीपक कुमार, अनिता देवी, गुड्डी देवी, रंजू देवी, जितेंद्र यादव समेत किसान मौजूद थे।

# यूनिट हेड के निधन पर कठौतिया माइंस में शोकसभा





मृतक मैनक चक्रवर्ती की फाइल फोटो व शोक सभा में शामिल कोल माइंसकर्मी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के यूनिट हेड सह वीपी मैनक चक्रवर्ती के आसमयिक निधन पर शुक्रवार को माइंस परिसर में शोक सभा का आयोजन कर माइंस कर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर माइंस मैनेजर राजु सिंह ने कहा कि यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती का निधन माइंस सहित ग्रुप के लिए अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि मैनक चक्रवर्ती अपने कार्यों के प्रति हमेशा सजग व संवेदनशील होकर करते थे इसके साथ ही अपने कर्मचारियों के साथ हमेशा अपने परिवार की तरह व्यवहार करते थे। इस मौके पर अश्विनी कुमार, राकेश सिंह, केसी मोदक, एपी सिंह, शोभा रानी मोहंती, संतन चक्रवर्ती, विशाल कश्यप, अमरेन्द्र सिंह, डॉ टी गफ्फार, आर आर शुक्ला, जयंत शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, गौतम सिन्हा, दीपनारायण सिंह, योगेश द्विवेदी, उज्जवल डे, सुमित कुमार, लोकेश कश्यप, रणबीर सिंह, उपेन्द्र सिंह, लाल भूपेन्द्र नाथ शाहदेव, अजय सिंह, रविन्द्र सिंह, बीडी पांडेय, मुन्ना, चिरादीप मिश्रा, आशीष वर्णवाल, मनोज पाण्डेय, दिलबहादुर मेहता, जवाहर सिंह, अरविंद सिंह, रासबिहारी प्रसाद, मणीकांत सिंह, अशोक दुबे, अजय चंद मंडल, हरिद्वार पांडेय, राजेश कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व मंत्री लालचंद महतो की मृत्यु झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है: विजय सिंह

**गुमला।** झारखंड तीसरा मोर्चा के संयोजक सह पूर्व मंत्री लालचंद महतो की हार्ट अटैक से हुई मृत्यु पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने गहरी शोक प्रकट किया है और इस दुख की घड़ी में शोकसम्पत परिवार को दुख को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री सिंह ने स्वर्गीय महतो को झारखंडी जनता के लिए हमेशा चिंता करने वाला नेता बताते हुए कहा है कि झारखंड का दुर्दशा को ठीक करने के उद्देश्य से ही स्व. महतो के नेतृत्व में झारखंड तीसरा मोर्चा का गठन किया गया है। जिसे झारखंड तीसरा मोर्चा में शामिल सभी घटक पार्टी व दल मिलकर के उनके उद्देश्य को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। श्री सिंह ने यह भी कहा कि स्व. महतो के याद में व श्रद्धांजलि देने के लिए रांची में होने वाली झारखंड तीसरा मोर्चा का श्रद्धांजलि कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के नेता व कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। शोक प्रकट करने वालों में प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, बसंत बड़ाईक, ललन साहू, शिवप्रसाद साहू, रामप्यार तूरी, रीमिस कुजूर, शंकर उरांव, भूषण सिंह, फबयानुस सारस, राजकुमार राय, धर्मपाल उरांव, रोपना उरांव, पुष्पा उरांव, कुसमा मिंज, मालती देवी, रेशमा बीवी, संध्या भगत मुख्य रूप से शामिल हैं।

### सहियाओं का पांच दिवसीय ईएनटी प्रशिक्षण संपन्न

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभागार में चौथे क्लस्टर के स्वास्थ्य सहियाओं का ईएनटी और नेत्र देखभाल पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षक सह बीटीटी सीमा देवी,बबीता देवी ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वास्थ्य सहियाओं को व्यापक प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल को लेकर मुंह, नाक,कान,आंख और गला का देखभाल विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसका आज समापन हुआ। प्रशिक्षण में वैसे मरीजों की पहचान हो सके।सभी स्वास्थ्य सहिया ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर स्वास्थ्य सहिया हेमंती देवी,,प्रीति एक्का,मानकी तिर्की,फूलमनी देवी सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थी।

### चैनपुर में माह-ए-रमजान का अलविदा जुमे की नमाज अदा किया गया

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बरवेनागर, जमगाई सहित विभिन्न स्थानों के मजिस्दों में शुक्रवार को रमजान के पाक माह का अंतिम जुम्में की नमाज अदा की गई। मौलाना हाफिज वकारी, जनाब हसमत रजा कादरी ने अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करायी। अलविदा जुमा को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज से आकर मुसलमान भाईयो ने विभिन्न मस्जिदों में अदा की। आज हर मुसलमान जुम्मे की नमाज अदा की। बता दें कि पाक महीने रमजान में पड़ने वाले जुम्मा का और अधिक महत्व बढ़ जाता है। रोजा रखने वाले रोजेदार नसरुदीन खान ने बताया कि रमजान महीन में पड़ने वाले आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुम्मा कहा जाता है। इसे जुमातुल विदा भी कहते है। इस साल रमजान का अलविदा जुमा शुक्रवार है। अलविदा जुमा के दिन नमाज की खास फजीलत है। ईद का नमाज 8.30 बजे तय किया गया है। मौके पर नसरुदीन खान, हाफिज अब्दुल वाहिद, सहजाद खान, मो फरीद खान सहित सैकड़ों धर्मा लंबी मौजिद थे।

### करंट लगने से नदी नहाने गयी महिला की हुई मौत, बचाने में एक जख्मी

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत नारेकेला गांव में विद्युत करंट कि चपेट में आने से प्रेमावती देवी (40)पति विंदेश्वर महतो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बचाव के लिए गये लखन बड़ाईक (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नारेकेला गाँव में नदी से पटवन के लिए बिजली संचालित मोटर लगा कर कई लोग खेती बारी करते हैं। इन्ही में किसी के द्वारा नदी के समीप मोटर लगाया गया था। इसी दौरान नदी में विद्युत प्रवाहित हो गई थी। शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे प्रेमावती देवी नदी में नहाने गई थी। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गई। चिल्लाने की आवाज सुन कर बगल में ही खेत में काम कर रहा लखन बड़ाइक वहां पहुंच कर बचाने कि कोशिश करने लगे। जिससे वे भी घायल हो गये। इसके बाद किसी ने तार को खींचकर वहां से हटाया। आनन फानन में दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया। जहाँ जांच के बाद चिकित्सकों ने प्रेमावती को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल लखन बड़ाइक का इलाज रेफरल अस्पताल बसिया में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस ने रेफरल अस्पताल पहुंचकर मृतिका प्रेमावती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजते हुए मामले की तहकीकात में जुटी है।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान



जावा महुआ शराब को नष्ट करती पुलिस

**चैनपुर।** कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अहले सुबह थाना प्रभारी वी के चेतन के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के कई जगहों से लगभग 20 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त किया गया। वहीं जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं पुलिस की छापामारी अभियान की जानकारी मिलते ही अवैध शराब बिक्री करने वाले लोग भाग निकले। थाना प्रभारी वी के चेतन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए महुआ शराब की छापामारी की जा रही है। सभी धंधेबाजो के ऊपर प्रथमिकी दर्ज की जाएगी और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा ।

### सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर में पूजा अर्चना के साथ नये शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ



नये सत्र को लेकर पूजा अर्चना करते शिक्षिका व विद्यार्थी

**चैनपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर में पूजा अर्चना के साथ नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। पुजारी गोपाल कुमार मिश्र के द्वारा विधिवत मां शारदे, भारत माता का पूजन किया गया। पूजन के बाद नये शैक्षणिक सत्र के लिए सभी छात्रों को शुभकामना दी गई। मौके पर मुख्य पुजारी गोपाल कुमार मिश्र ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी सिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कारवान शिक्षित व्यक्ति ही देश को महान बना सकता है। कार्यक्रम को स्कूल के प्रधानाचार्य बाबुलाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि भी आज नई सत्र शुरू हो जाएगा। मौके पर रेखा दीदी जी, संगीता दीदी जी,कई अभिभावक उपस्थित थे।

### विद्युत तार की चपेट में आने से तीन पशुओं की मौत



विद्युत तार की चपेट में आने से मरे पशु

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के जरडा पंचायत के परसा तेतरटोली गांव में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार के चपेट में आने से तीन पशुओं की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारसा तेतरटोली निवासी फुलजेन्स तिग्गा के दो एवं सेबेस्तीयन एक्का के एक बैल की मौत हो गई। पीड़ित किसान ने जानकारी देते हुए बताया कि मावेशी चरने वे आये थे। उसी समय अचानक 11 हजार विद्युत तार गिर गया। जिसकी चपेट में पशु आ गये। जिसे उनकी मौत हो गई। पशु पालकों ने कहा कि वे काफी गरीब हैं। बैल की मौत के बाद उन्हें खेती बारी की चिंता सता रही है। बैल कैसे खरीदें और खेती बारी करें। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा देने की गुहार लगायी है।

# सदर अस्पताल में मरीजों को नहीं मिलती है मच्छरदानी, मरीज रात भर करवटें बदलने को मजबूर

## गुमला जिला मलेरिया जोन के रूप में चिह्नित, डेंगू दिखाता रहता है असर, फिर भी मरीज बिना मच्छरदानी रहने को विवश

- सूर्य के तपीश से जिले में है हीटवेब की स्थिति, अस्पताल के वार्ड का पंखा है खराब, मरीज रहते हैं गर्मी से परेशान
- अस्पताल में सुबह संचालित ओपीडी में बैठते हैं मात्र दो चिकित्सक, मरीजों की लगी रहती है लंबी कतार



बिना मच्छरदानी के रात पर बेड में लेटे मरीज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आदिवासी बहुल व पिछड़ा जिला गुमला में स्वास्थ्य व्यवस्था का केंद्र बिंदु सदर अस्पताल गुमला है। क्षेत्र में अत्याधिक गरीबी के कारण लोग स्वास्थ्य सुविधा के लिए पुरी तरह सदर अस्पताल में निर्भर भी हैं। लेकिन सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था बहुत ही चरमरायी हुई है। अस्पताल में पूर्वाह्न 9 बजे के बाद अगर पहुंचते हैं तो मरीजों की इलाज के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहती है। भारी संख्या में मरीज के आने के बाद भी अस्पताल के ओपीडी के समय मात्र दो ही चिकित्सक रोगियों की जांच करते नजर आएंगे। कभी हड्डी का डॉक्टर नहीं बैठता है तो कभी किसी अन्य बीमारी का। क्योंकि अस्पताल में व्यवस्था ही कुछ ऐसी बनायी गयी है। जबकि वही चिकित्सक बाहर अपनी क्लीनिक में रोगियों की जांच करते नजर आते हैं। वहीं दूसरी ओर अस्पताल में इलाजरत मरीजों को मच्छरदानी भी रात में नहीं मिल पाता है। जबकि गुमला जिला मलेरिया जोन के रूप में चिह्नित है। मलेरिया के साथ यहां खतरनाक डेंगू बीमारी भी समय-समय पर अपना पांव पसारते रही है। अस्पताल के वार्ड में इलाज के लिए भर्ती मरीज रात में मच्छरदानी की मांग करते हैं तो उन्हें मच्छरदानी नहीं है कहकर साफ मना कर दिया जाता है। ऐसे में रोगी रात भर मच्छरों के प्रकोप के बीच करवटें बदलने को मजबूर रहते हैं।

क्योंकि मच्छरों की भिन्नभिनाहट उन्हें रात में सोने नहीं देती है। ऐसे में अपनी बीमारी का इलाज करा रहे मरीजों को मलेरिया या डेंगू होने की आशंका सताते रहती है। वहीं झारखंड में सूर्य की तपीश बढ़ गई है। हीटवेब की चपेट में गुमला जिला भी है। सुबह से लोग प्रचंड गर्मी का एहसास करने लग रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गुमला सदर अस्पताल के मरीज वार्ड का पंखा खराब है। जिसे मरीजों को राहत नहीं मिल पा रही है। मरीज गर्मी व मच्छरों के प्रकोप के बीच किसी तरह अस्पताल के वार्ड में इलाज कराने को मजबूर हैं।

मरीजों का दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं, यह हम नहीं खुद मरीज कह रहे हैं। वहीं अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर अनुपम किशोर का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में मच्छरदानी है। मरीजों को नहीं मिल रहा है तो वे स्वयं मामले को देखेंगे और मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं खराब पंखों को जल्द की मरम्मत कर दुरूस्त करने की बात उन्होंने कही।

# अलविदा जुम्मे की नमाज में उमड़ी भीड़, ईद की तैयारी में जुटे लोग

### राज्य और देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा ।** जिले में रमजान महीने के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुम्मे की नमाज आज जिले भर के मस्जिदों में पढ़ी गई। शहर के जामा मस्जिद में हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों और रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा जिले के सभी मस्जिदों में लोगों ने जुमे की नमाज अदा कर जिला राज्य और देश के लिए अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। मुस्लिम धर्मावलंबियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मुख्य पथ पर नमाज के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश रोका गया था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। लोगों ने मस्जिदों में पूरे आस्था और विश्वास के साथ नमाज अदा की। इसमें बच्चे, युवा और बूढ़े सभी शामिल थे। जुमे की नमाज को लेकर भी लोगों में एक अलग ही उल्लास छाया हुआ था। जामा मस्जिद में भीड़ के कारण लोगों ने सड़क पर भी नमाज अदा की। नमाज को ले पुलिस प्रशासन जगह-जगह पर शस्त्र पुलिस बल की तैनाती कर वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया था। जामा मस्जिद की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था। मुख्य मार्ग में भी लोग आस्था और विश्वास के साथ सड़क पर ही बैठकर नमाज पढ़ते नजर आए।

हालांकि जुमे की नमाज खत्म होने के बाद एक तरह से यातायात व्यवस्था ठप पड़ गई थी। लोगों की भीड़ जब एक साथ निकली तो सभी रास्तों में जाम लग गया था। नमाज अदा करने के बाद लोगों के चेहरे पर ईद की एक बेसब्री नजर आई। विशेषकर बच्चों में उत्सुकता देखी जा रही है। अलविदा जुमे की नमाज शहरी क्षेत्र के साथ-साथ प्रखंडों और ग्रामीण इलाकों में भी अदा की गई। मुस्लिम समाज के युवा, अधेड़ एवं बुजर्ग लोगों ने बढ़-चढ़कर नमाज में भाग लिया। सभी मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ नजर आ रही थी।



नमाज अदा करते लोग

### जामा मस्जिद में अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज

गुमला। रमजान के पाक महीना का आखिरी जुम्मे की अलविदा नमाज शुक्रवार को गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों स्थित मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की। गुमला शहर के थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई और देश की अमन चैन व परिवार की खुशहाली की इबदात अल्लाह से की गई। वहीं सिसई प्रखंड के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बडी ही सादगी के साथ नमाज अदा की। सिसई मुख्यालय सहित आस पास के मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज पढ़ी गई। नमाज के लिए मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी थी। अलविदा जुम्मे की नमाज की तैयारी सुबह से ही लोग करने लगे थे। अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद देश के लिए अमन चैन व शांति के लिए दुआ मांग गई। सिसई प्रखंड के जामा मस्जिद, सिसई बस्ती मस्जिद, छरदा रोड मस्जिद, रहमत नगर मस्जिद, अंबार मस्जिद, सुरसा मस्जिद, करकरी मस्जिद, बघनी मस्जिद, लोहंजारा मस्जिद आदि मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज मुस्लिम समाज के लोगों ने अदा की।

## खबर एक नजर में

### अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**भंडरा ।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन रेस है। पुलिस लगातार अवैध शराब को लेकर छापामारी अभियान चला रही है । गुरुवार की शाम को थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरा बाजार टांड में अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने छापामारी की और कई क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस की धमाचौकड़ी देख उक्त गोरखधंधे में शामिल लोग भागने में सफल रहे। भंडरा पुलिस ने भंडरा बाजार टांड निवासी शिवा राम की पति कांता देवी घर छापेमारी कर जावा महुवा को नष्ट किया साथ ही कांता देवी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई में जुट गई है । छापामारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह कर रहे थे। उनके साथ स्थानीय चौकीदार तथा पुलिस बल के जवान थे। पुलिस की उक्त कार्रवाई से अवैध शराब चुलाई करनेवालों तथा बेचनेवालों में हड़कंप देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब ठीकानों पर सख्ती जारी रहेगी। इस धंधे में शामिल लोगों व शराबियो को हवालात की भी हवा खानी पड़ेगी।

### जिला परिषद से संचालित योजनाओ का जायजा लिया

**लोहरदगा।** जिला परिषद विभाग में चल रहे है योजनाओ में गड़बड़ी को रोकने के लिए जनप्रतिनिधि अब सजग नजर आ रहे है। विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओ का निरीक्षण उपरांत ही भुगतान कराने को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया गया। योजनाओ का निरीक्षण जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,उपाध्यक्ष विनोद उरांव और किसको जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने बारी बारी से विभिन्न योजनाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी और संवेदक को दिया।साथ ही गड़बड़ी और लापरवाही बरतने वाले सवेंदको पर कड़ी कारवाई करने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिप अध्यक्ष ने सदर प्रखंड के जोरी पंचायत के बमनडीहा में बने पीसीसी पथ का निरीक्षण किया। साथ ही किस्को प्रखंड के बेटहट पंचायत के पतगच्चा गांव में बने पीसीसी सड़क का मुआयना किया। इस दौरान कार्य में पाए गए कमी को जिला अभियंता को जानकारी देते हुए उसने सुधार लाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में एमआई द्वारा निविदा के माध्यम से लावागाई बांध की मरम्मत और नाली निर्माण के कार्यों को देखा।

### जय श्रीराम समिति नगर कमेटी की हुई बैठक

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति नगर कमेटी की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में नगर अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में नव वर्ष को लेकर खास रणनीति बनाई गई साथ ही नगर कमेटी का विस्तार करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष देवानंद भगत, उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ,संगठन मंत्री अमित कुमार एवं गुंजन वर्मा को नगर पदाधिकारी की कार्यभार सौंपी गई। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा नववर्ष विक्रम संवत धूमधाम से मनाने हेतु नगर कमेटी की बैठक की गई। जिसमें समिति का विस्तार किया गया।उन्होंने कहा कि नववर्ष विक्रम संवत एवं रामनवमी पर्व से पूर्व दो मंदिरों में चोरी की घटना बहुत ही निंदनीय है। इस घटना में जो भी सम्मिलित हो ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी करवाई करने की मांग प्रशासन से करते हैं।

### 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार की रात्रि 18 वर्षीय विष्णु बैठा पिता जगदीश बैठा बरही सेन्हा थाना क्षेत्र के निवासी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की देर शाम विष्णु बैठा अपने रूम में जाकर दरवाजा बंद कर लिया था, सुबह जब काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तब,परिजनों ने दरवाजा तोड़ा दिया तो देखा कि पंखे के सहारे रस्सी से फांसी लगा लिया है। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी से उतरकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना से परिजन काफी दुखी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चोरों ने की बिजली तार की चोरी

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत आरा हंसा गांव के टोगरी टोली से जोभी रास्ता तक लगभग 40 बिजली का खंभा में लगाए गए बिजली की तार को अज्ञात चोरों ने गुरूवार रात्रि को चुरा लिया वही बताया जाता है की सुबह जब ग्रामीण गांव से टोगरी टोली के तरफ खेत में गये तो देखे की बिजली का खंभा से तार गायब था।

### लोक सभा चुनाव को लेकर आजसू ने कार्यकर्ताओ के साथ की बैठक

## एनडीए एक जुट, अबकी बार 400 पार का लक्ष्य होगा पूरा : नीरू शांति भगत



बैठक में मौजूद आजसू कार्यकर्ता

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के अकाशी पंचायत के खारूमाटू गांव में गुरुवार को आजसू प्रखंड कमेटी की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि लोहरदगा लोक सभा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाना है। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी की नेत्री नीरू शांति भगत ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सभी को तैयार रहना है और चुनाव में लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाकर एनडीए को मजबूत बनाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों में एनडीए प्रत्याशियों की जीत होगी । उन्होंने कहा की मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प को तेजी से पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले दस वर्षों में गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित विकास की मुख्यधारा से जुड़े। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। एनडीए राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करती है। हमारे लिए देश की सेवा सर्वोपरि है। मोदी जी ने देश को विकसित करने के साथ पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। मौके पर सभी कार्यकताओं ने एनडीए प्रत्याशी के जीत दिलाया का संकल्प लिया ।

## नगर परिषद उपाध्यक्ष के आवास पर इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



इफ्तार पार्टी में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रमजान के पवित्र मौके पर नगर परिषद गुमला के पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अख्तर के खड़िया पाड़ा स्थित आवास में शानदार इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न समुदाय के वरिष्ठ समाजसेवी बुद्धिजीवी ,विभिन्न राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी शामिल होकर गंगा जमुना तहजीब का मिसाल पेश किया। इफ्तार पार्टी में विशेष रूप से आमंत्रित विधायक भूषण तिर्की ने मुस्लिम भाइयों को पवित्र रमजान के मौके पर अपनी ओर से शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि हमारे मुस्लिम भाई पाबंदी के साथ घंटे भूखे रहकर इबादत कर रहे हैं और आज कलीम जी के आवास पर इफ्तार पार्टी में सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार किया यह बहुत अच्छी बात है। इफ्तार पार्टी में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव बबलू वर्मा एवं अन्य पदाधिकारी बार एसोसिएशन के सचिव बाबूलाल श्रीवास्तव, अधिवक्ता मदन कुमार साहू ,हफिंद्र कुमार साहू, अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी, सचिव मकसूद आलम, मोहम्मद लड्डुन, नुरुल होदा, नसीम खान, आशिक अंसारी, अफसर आलम, अकिल रहमान, मोहम्मद कौसर, मोहम्मद मेराज, खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू, आरिफ अंसारी, मोहम्मद पन्नू, मोहम्मद अशफाक, तौफीक आलम, अनवर खान, इरफान अली, समीम खान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद साहब, मोहम्मद सज्जू, सरवर मास्टर, मोहम्मद आलम, नईम अंसारी, शकील खान, नसीम खलीफा आदि उपस्थित थे।

# डीसी व एसपी ने लोस चुनाव के मद्देनजर नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रो का किया औचक निरीक्षण



मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से जानकारी लेते डीसी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और एसपी शंभू कुमार सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर घाघरा प्रखंड के कई पंचायतों में स्थित मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में रुकी, बीमरला, तुसगांव, हेदमी सहित कई मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा पानी बिजली फर्नीचर और शौचालय संबंधित जानकारी ली। साथ ही मूलभूत सुविधाओं पूर्ण रूप से बेहतर करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा की मूलभूत सुविधा का किसी भी तरह का अभाव न हो। जिससे मतदान कर्मी और मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़े। इसके साथ ही वॉलिंटियर की जानकारी ली। बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रो में वोट दिलाने को लेकर हर संभव सहयोग की बात कही। ताकि वैसे मतदाताओं को किसी भी तरह का परेशानी ना हो। साथ ही ग्रामीणों से भी बात किया और शत प्रतिशत मतदान करने का अपील किया। इसके पूर्व डीसी और एसपी घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे थे। जहां बाइक से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। सुरक्षा दृष्टिकोण से संबंधित कई आवश्यक जानकारी लिया। ताकि मतदान में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। मौके पर एलआरडीसी राजीव कुमार, बीडीओ दिनेश कुमार,सीओ आशीष कुमार मंडल, बीपीआरओ शंकर साहू,रंजीत कुमार, सतीश कुमार बंसल सहित कई चुनाव कर्मी पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सम्मान समारोह सह पुस्तक वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष को सम्मानित करती ब्रह्माकुमारी बहनें

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर डीएसपी रोड गुमला में सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण सह स्वस्थ जीवन का आधार मानसिक संतुलन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही कल्पतरु अभियान के अंतर्गत अमरूद गुलमोहर के पौध विद्यालय परिसर में लगाये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता, अति विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम के सदस्य अमिषा बाखला एवं एलिजाबेथ लकड़ा के साथ उनके कोच बीणा केरकेट्टा, ब्र.कु. मंजू बहन,,ब्र.कु ममता बहन, सुचिता बहन, गुलाब भाई ,उत्तम भाई, आदित्य भाई, हेल्थ टूर निर्देशिका पूजा बहन, स्कूल मीडिया प्रभारी अमित कुमार, प्रधानाचार्य संजीव सिन्हा के साथ-साथ विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम की सदस्य अमिषा बाखला ने अपने जीवन के संघर्षों को बच्चों के समक्ष सुनाया। जिसे बच्चों में एक प्रेरणा जागृत हुई कि हम भी कुछ देश के लिए नया कर सकते हैं । बीके मंजू बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा हो रही सेवाओं के विषय में अवगत कराया । पूर्व में आयोजित भाषण प्रतियोगिता भारत का भविष्य महिलाओं के हाथों में है की प्रतिभागी नूतन कुमारी को दिव्य संवाद कला पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र और मोमेंटम दिया गया । साथ ही साथ मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल को समाज के लिए उत्कृष्ट सेवा कार्य करने के लिए दिव्य विभूति सम्मान प्रदान किया गया ।

# नक्सल प्रभावित इलाके में डीसी गरिमा सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, लिया जायजा

## बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा शुक्रवार को गारू, महुआडांड, बरवाडीह, मनिका प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। गारू प्रखंड के बूथ संख्याझ 215,216, (उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय सरयू) बूथ संख्या-218, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाइ, बूथ संख्या 223,221, राजकीय मध्य विद्यालय गोइंदी, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, साल्वे, महुआडांडप्र प्रखंड के बूथ संख्या-244 राजकीय कृत मध्य विद्यालय बसकरचा, 285, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय 293, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय मुंडू, 273, राजकीय कृत मध्य विद्यालय असनरी, 277, राजकीय कृत मध्य विद्यालय रेगाई, बरवाडीह प्रखंड के बूथ संख्या-56 राजकीय कृत मध्य विद्यालय मुंडू, 81,82 स्तरोन्नत उच्च विद्यालय गाड़ी, मनिका के बूथ संख्या 111,112



राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई, कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। मतदान केंद्रो, स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण कर सभी उचित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ-सफाई कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें। इस दौरान सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई एवम मतदान को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा के उम्मीदवार कालीचरण सिंह शनिवार को करेंगे महुआडांड का दौरा

**महुआडांड।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार श्री कालीचरण सिंह कल शनिवार को महुआडांड का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा मनिका विधानसभा के कोर कमेटी सदस्य संजय जायसवाल ने बताया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद पहली बार कालीचरण सिंह अपराह्न 3:30 बजे महुआडांड आ रहे हैं। कालीचरण सिंह के साथ पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामंत्री बंशी यादव, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा आदि आ रहे हैं। कालीचरण सिंह के महुआडांड आगमन को लेकर महुआडांड की जनता में काफी उत्साह व हर्ष व्याप्त है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी का चंदवा में हुआ स्वागत



बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का चंदवा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह चतरा लोक सभा से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह, जिलाध्यक्ष पंकज सिंह व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रांची से पलामू दौरे पर जा रहे थे, इसी दौरान में इंदिरा गांधी चौक के समीप भाजपाइयों ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान श्री मरांडी कार्यकताओं से गर्मजोशी से मिले व हाल चाल भी जाना। बाबूलाल मरांडी के मिलनसार व्यवहार से कार्यकर्ता काफी खुश नजर आये। इस मौके पर भाजपा प्रदेश नेत्री सीमा शर्मा, पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, जिप सदस्य सरोज देवी, मुकेश निरंजन सिन्हा, राकेश दुबे, चेतलाल रामदास, महेंद्र साहू, राजकुमार पाठक, देवमणि वैद्य, दीपक निषाद, शिकेश्वर यादव, आशीष सिंह, संजीव आजाद, विजय दुबे, प्रेम गुप्ता समेत जिले के कई मंडलों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला संपर्क अभियान को लेकर की गई बैठक

**लातेहार।** शुक्रवार को नवनिर्मित जिला कार्यालय करकट में समय 11.30 बजे बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के सह संयोजक और कलस्टर प्रभारी सीमा शर्मा साथ मे सह प्रभारी सरिता पांडेय, भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, चतरा लोक सभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह, लातेहार जिले के संगठन प्रभाती मुकेश निरंजन सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर महिला संपर्क अभियान की बैठक ली गई। जिसमें लोकसभा प्रभारी सह प्रभारी विधानसभा प्रभारी सह प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य जिला प्रभारी मंडल के प्रभारी और सह प्रभारी उपस्थित रहे। वहीं संखा देवी और मनोरमा देवी का भाजपा का महिला मोर्चा मे शामिल हुई। मंच संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन लातेहर मंडल की अध्यक्ष अंजू गुप्ता ने किया।

## सरना झंडा असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ कर गायब कर दिए जाने के विरोध मे बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरना स्थल नचना मे प्रत्येक वर्ष आदिवासियों का प्राकृतिक से जुड़े आस्था का महापर्व सरहुल मनाया जाता है। सरहुल पूजा को लेकर सरना झंडा लगाया गया था। गुरुवार बिते रात्रि अज्ञात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगभग 40 सरना झंडा उखाड़कर गायब कर दिए जाने को लेकर आदिवासियों मे रोष व्याप्त है। सरना झंडा उखाड़ने को लेकर सरहुल कमिटी द्वारा जाँच कर कार्रवाई के लिए गुरुवार को बारियातू थाना मे आवेदन दिया। सरहुल कमिटी के सदस्यों ने बताया की थाना मे आवेदन देने के क्रम मे बारियातू थाना कर्मियों द्वारा मेरे थाना मे उच्च आवाज मे बात नहीं करने की बात कहकर दुर्व्यवहार किया गया। जिसको लेकर शुक्रवार को सरना स्थल मे बैठक कर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम से बात कर मामले की पूरी जानकारी दी। इसपर पुलिस



बैठक करते लोग

अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बैठक मे उपस्थित सरना धर्मावलमबियों को आश्वासन देते हुए कहा की झंडा उखाड़ने के मामले मे जाँच की जाएगी। जाँच मे दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं कहा की बारियातू बस स्टेण्ड के आसपास रहने वालों के साथ बैठक कर सद्भावना वातावरण के साथ सरहुल उत्सव मे सहभागिता निभाने की बात की जाएगी। सरहुल कमिटी को सहयोग करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। साथ ही अचार सहिंता को लेकर कहा की सरहुल पूजा कार्यक्रम को लेकर जिला से निर्देश प्राप्त कर लें। विधिवत पुलिस आप सबों को सहयोग करेगी। साथ ही कहा की सरहुल महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएँ। थाना प्रभारी से बात कर उखाड़े गए स्थल पर पुनः झंडा लगवाया जायेगा। मौके पर प्रभुदयाल उरांव, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, ईश्वरी उरांव, पूर्व प्रमुख महावीर उरांव, जगदीश उरांव, राजू रामवृक्ष लोहरा, रामनाथ गंझु, धानेश्वर उरांव, राजीव भगत, दिगम्बर टाना भगत, तेतर उरांव, मांती भगत, शंकर उरांव, जयपाल उरांव, सच्चु उरांव, जीतेन्द्र उरांव सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल



घायल युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ इन दिनों काफी जर्जर हो गया है। तुबैद कोलियरी से चलने वाले कोयला लदे हाईवा वाहनों के कारण सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिस कारण आए दिन दुर्घटना घटते रहती है। शुक्रवार को मंगलदहा जंगल के पास सड़क में बने गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ऋतिक कुजूर 18 वर्ष पिता अरुण उराँव ग्राम जिंगूर थाना मनिका निवासी अपने भाई-बहन के साथ मोटरसाइकिल से चंदवा स्थित नगर मंदिर में पूजा करने जा रहा था। इस दौरान मंगरदहा जंगल के पास सड़क में बने गड्ढे की वजह से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि इस दुर्घटना में उसके भाई-बहन को कोई चोट नहीं आई।

## क्षेत्र भ्रमण की तैयारी को लेकर कालीचरण सिंह ने भाजपाइयों के साथ की बैठक

### मां उग्रतारा मंदिर में मत्था टेककर लिया मां का आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के निमित्त विचार विमर्श को लेकर में चंदवा स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के आवासीय प्रांगण में भाजपाइयों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। बैठक में कालीचरण सिंह ने मंडल कमिटी, पंचायत कमेटी व बूथ कमिटी स्तर के कार्यकताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकताओं व क्षेत्र की जनता के प्रयास से आज



पूजन करते सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह

एक साधारण कार्यकर्ता को चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। चतरा संसदीय क्षेत्र से इतिहास में पहली बार स्थानीय उम्मीदवार को केंदीय नेतृत्व ने मौका दिया है। इसके पूर्व सबसे पहले कालीचरण सिंह चंदवा के नगर स्थित मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मत्था टेककर मां का आशीर्वाद लिया व चुनावी यात्रा की शुरूआत की। बैठक के मौके पर पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, मुकेश निरंजन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता समेत कई प्रखंडों से सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्री राम नवमी पूजा को लेकर सरोजनगर समिति की बैठक सम्पन्न

**चंदवा।** आगामी रामनवमी पूजा महोत्सव को धूमधाम से मानने को लेकर गुरुवार को श्री राम नवमी पूजा समिति सरोज नगर की बैठक ररामयश पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रामनवमी महोत्सव को दौरान होने वाले कार्यक्रम को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए व कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष इंद्रजीत शाह बंटी, उपाध्यक्ष विजय कुमार, सचिव रवि ठाकुर व कोषाध्यक्ष कुश प्रजापति को बनाया गया। वही कार्यकारणी सदस्य में लक्ष्मण साहू, मनरखन नायक, शिवम कुमार, सौरभ कुमार, शुभम कुमार, छोटू कुमार, राजा ठाकुर, सत्यवान कुमार साहू, अनूप ठाकुर, शिव नायक, चीकू ठाकुर व अन्य को बनाया गया है।

## एक नजर में

### मनिका प्रखंड पहुंचे चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी, कार्यकताओं ने किया स्वागत

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबन पासवान के आवास पर दिन शुक्रवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह का आगमन हुआ जहां भाजपा के कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जिसके बाद सभी कार्यकताओं के साथ वे बबन पासवान के आवास पर पहुंचे जहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं राष्ट्रगीत गाकर स्वागत सभा कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

### तमाम मस्जिदों में अदा की गई अलविदा की नमाज

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के जामा मस्जिद समेत पोखरी कला, कुचिला बेतला आदि सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों ने माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की। नमाजियों ने खुदा की बारगाह में एक साथ सिर झुकाकर सजदा किया और अल्लाह से अमन-चैन की दुआ मांगी। जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम ने फरमाया कि रमजान इबादतों और बरकतों का महीना है। रमजान का आखिरी जुमा जुमा-तुल-विदा कहलाता है। ये रमजान के विदा होने का पैगाम है। उन्होंने कौम के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग ईद-उल-फितर के त्योहार को अमन-ओ-सुकून के साथ मनाएं और अल्लाह की बताई नेक राह पर चलें। वहीं नमाज के बाद मुसलमान भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर जुमे की मुबारकबाद दी। रमजान के आखिरी जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को तैनात किया गया था।

### रहेया के बारवाबारी मे 10 अप्रैल को सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम मनाने की तैयारी जोरों पर

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत के रहेया बारवाबारी मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल को किया जायेगा। संध्या कार्यक्रम मनाने को लेकर मनोज लोहरा के अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक मे प्राकृतिक के आस्था का महा पर्व शांतिपूर्ण पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि राजू रामवृक्ष लोहरा ने कहा प्रकृति के महापर्व सरहुल पीढ़ी दरपीढ़ी से सामाजिक रीतिरिवाज के साथ मनाते आ रहे हैं। प्राकृतिक के धरोहर को बचाये रखने के लिए प्रत्येक वर्ष त्यौहार मनाकर शांति, विश्वास, प्रेम स्नेह को बढ़ावा देने का काम करते हैं।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 133वां जयंती मनाने को लेकर बैठक

**बारियातू।** प्रखण्ड स्थिति बारिखाप क्रसर के समीप कैलाश राम की अध्यक्षता मे सविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ, भीम राव अम्बेडकर की 133 वाँ जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक मे सर्वसम्मति से अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तथा अर्थ संग्रह के लिए रसीद छपवाने का जिम्मेवारी दी गई। पूर्व के कमिटी ही इस वर्ष भी बनी रहेगी। अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रिगन कुमार,सचिव दिगंबर टना भगत, उपसचिव राजू रामवृक्ष लोहरा,कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, उपकोषाध्यक्ष विनोद गंझु बनी रहेगी। वही अगला बैठक 08 अप्रैल दिन सोमवार को होना तय किया गया। मौके कुलदीप राम, गोपाल राम, संतोष पासवान, शंकर गंझु, रुपेश कुमार, विजय भुइयाँ, वीरेंद्र पासवान, सकेंद्र राम, शंकर पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज, बालू माफिया में मचा हड़कंप

**गारू।** गारू प्रखंड में कोयल नदी से बालू खनन का काला कारोबार बिना रोक-टोक जारी है। रात में दर्जनों ट्रेक्टर से होता है बालू की चोरी सीओ संतोष कुमार बैठा के संज्ञान में आने के बाद सीओ के नेतृत्व में टीम बनाकर गारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे अवैध बालू खनन पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बालू लदी हुई ट्रैक्टर- ट्रॉली जब्त किया गया। इस दौरान बालू माफिया फरार होने में सफल हो गए। अवैध खनन, परिवहन करने वाले बालू माफिया पर हुई कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। सीओ ने बताया की अवैध उत्खनन करने वालों पर कानूनी करवाई की जाएगी। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया की सीओ के निर्देश पर मामले में वाहन मालिक पप्पु ठाकुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कांड संख्या 13/24,379/414 आईपीसी और 13 झारखंड खनिज नियम 2017,54 झारखंड खनिज एवं खनन नियम 2004/21 खनिज अधिनियम 1957 दर्ज किया गया है।

### प्रशासन का डर अपराधियों में नहीं है अपराधी बेलगाम हो गए हैं: प्रकाश राम

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत तिलैयाटांड़ गांव के तालाब से बुधवार को शाम में सीसीएल कर्मी एवं उनके दो बच्चों का शव बरामद हुआ था तीनों का शव मोटरसाइकिल में बांधकर तालाब में फेंक दिया गया था इस मामले में पूर्व विधायक ने कहा कि प्रशासन का डर अपराधियों में नहीं है अपराधी बेलगाम हो गए हैं। ग्रामीण दहशत में रह रहे हैं। जिला प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़े एवं कड़ी से कड़ी सजा दे। जब से झारखंड में महागठबंधन का सरकार बना है तब से लगातार अपराधी घटना को अंजाम दिया जा रहा है। आगे कहा कि पुलिस प्रशासन जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार करें नहीं तो बाध्य होकर आंदोलन करेंगे। मौके पर शैलेश सिंह, रवि सिंह, सूरज शाह, विजय यादव, अखिलेश भोक्ता, तुलसी प्रसाद, करमा उरांव, शिवदयाल उरांव, राजेश उरांव, सुकर उरांव, रवि उरांव, दामोदर साव सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### उपायुक्त गरिमा सिंह ने बिना लोभ व निष्पक्ष मतदान की दिलाई शपथ

**बेतला।** लातेहार जिला उपायुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह ने बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के कुटमु चौक पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंच कर लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में साफ सुथरा एवं बिना लोभ लालच के निष्पक्ष मतदान करने का शपथ दिलाई। इस दौरान लोगों ने उपायुक्त गरिमा सिंह समेत जिले के पदाधिकारी को पुष्प कुछ देखकर स्वागत किया। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रवि दास, जिला भु-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मडकी, आईटीडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, गोपनीय प्रभारी श्रेयांश कुमार बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस थाना प्रभारी ललित कुमार, प्रभारी अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला समेत प्रखंड व अंचल के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## अकीदतमन्दों ने अदा की अलविदा जुम्मे की नमाज



नमाज अदा करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के तिलैयाटांड, शुक्र बाजार, कुजरी, कमाता, बेलवाही, बोदा, हुचलू, माल्हन, ब्राह्मणी समेत मुस्लिम बाहुल्य इलाको में शुक्रवार को मुस्लिम धर्मवालंबियों ने बड़ी अकीदत के साथ अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की।

इस मौके पर रोजेदारों से पूरी मस्जिद भरी थी। जिला एवं प्रखंड के सभी मस्जिदों में तकरीर और देश में अमन चैन भाईचार बने की दुआओं के साथ चंदवा के जमा मस्जिद, फातिमा मस्जिद, मक्का मस्जिद, कुजारी मस्जिद, कामता, शुक्र बाजार ताड़, चकला, ब्रह्मणी में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा किया गया।

इस दौरान देश मे अमन चैन व भाईचारगी की दुआएं भी मांगी गई। रमजान का आखिरी जुम्मा का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है और रमजान के पाक महीने के जुम्में की अहमियत और बढ़ जाती है।

## खबर का असर : छिपादोहर बाजार में खराब पड़े जलमीनार की हुई मरम्मती

### बीडीओ के निर्देश पर हुई त्वरित कार्रवाई, लोगों में हर्ष, जताया आभार

**शुक्रवार को खबर मंत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने से हरकत में आया विभाग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पंचायत अंतर्गत मुख्य बाजार के बीच स्थित खराब पड़ा सोलर जलमीनार शुक्रवार को दुरुस्त करा दिया गया। दरअसल, इससे संबंधित खबर शुक्रवार की सुबह खबर मंत्र में प्रकाशित किए जाने के बाद विभाग की नींद खुली और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इसे अविलंब ठीक करने का निर्देश विभाग को दिया। इसके पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए जलमीनार की मरम्मत कर दी गई। जलमीनार के ठीक होने से बाजार के लोगों और राहगीरों ने प्रखण्ड



जलमीनार की मरम्मत करते मजदूर

विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के साथ साथ खबर मंत्र का आभार जताया है।

इधर आदर्श नगर बरवाडीह का जलमिनार भी बार- बार खराब होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही हैं। खबर मंत्र द्वारा विभाग को सूचना दिए जाने के बाद शुक्रवार को इसकी मरम्मत कराई गई लेकिन कुछ घंटों बाद ही वह दुबारा खराब हो गई हैं। इस संबध में 15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक मंजीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कुछ तकनीति समस्या होगी। जिसे जल्द से जल्द दूर दूर कर जलमिनार को चालू कर दिया जायेगा। शिकायत के बाद भी नहीं हुई थी कार्रवाई

ज्ञात हो कि छिपादोहर बाजार स्थित सोलर जलमीनार के खराब होने के कारण ग्रामीणो और स्थानीय लोगों को इस भीषण गर्मी के पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा था। मुख्य बाजार का एकमात्र पेयजल का सहारा उक्त जलमिनार ही हैं। सभी लोग मात्र एक ही जलमीनार पर आश्रित है। गर्मी में सोलर जलमीनार के खराब हो जाने से ग्रामीणों को को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी लिखित शिकायत स्थानीय निवासी मुन्ना गुप्ता ने अधिकारियों के साथ साथ खबर मंत्र से भी की थी।

